उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7

# UJALASPEEDNEWS

24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, सोमवार, 3 अगस्त 2026 | ई-पेपर | पेज 1 / 1

देश

## पिंगरी में 22 और भोजपुर में 9, कुल 31 आवासों का हुआ उद्घाटन, लाभार्थियों के चेहरे खिले।



मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पात्रों को सौंपे गए पक्के घर, पीडी-एसडीएम ने किया फीता काटकर शुभारंभ। संवाददाता हरिपाल सिंह फरह - मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत पिंगरी और भोजपुर गांव में बने कुल 31 पक्के आवासों का उद्घाटन धूमधाम से किया गया। इनमें पिंगरी में 22 और भोजपुर में 9 आवास शामिल हैं। योजना के तहत बेघर और पात्र गरीब परिवारों को सम्मानजनक जीवन देने के संकल्प को धरातल पर उतारा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम सदर मोहित कुमार, पीडी ऐ.के उपाध्याय ने फीता काटकर आवासों का उद्घाटन किया। इस दौरान बीडीओ प्रवीन कुमार झा, एडीओ आईएसबी विजय कुमार और एडीओ पंचायत थान सिंह भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने लाभार्थियों को आवास की चाबी सौंपते हुए कहा कि मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसका उद्देश्य 2026 तक हर गरीब को पक्का घर देना है। आवास के साथ शौचालय, बिजली और उज्ज्वला गैस कनेक्शन जैसी मूलभूत सुविधाएं भी दी जा रही हैं। पक्का घर मिलने पर लाभार्थियों में खुशी का माहौल था। लाभार्थियों ने कहा कि अब उन्हें बरसात और सर्दी में परेशानी नहीं होगी।

### एक नज़र में

रिफाइनरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 172 ग्राम नशीला अल्प्राजोलम पाउडर के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार।

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

वीडियो

## रिफाइनरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 172 ग्राम नशीला अल्प्राजोलम पाउडर के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार।



संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी मथुरा। जनपद मथुरा की थाना रिफाइनरी पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला तस्कर को 172 ग्राम नशीला पाउडर (अल्प्राजोलम) के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, 1 अगस्त 2026 की रात करीब 9:39 बजे ग्राम बाद अंडरपास से बरेली हाईवे की ओर लगभग 100 मीटर आगे चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था।